वियोज्य DETACHABLE

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# ECONOMICS (Paper II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख/चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'    SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each :

1.(a) 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के दौरान, भारतीय कृषि के वाणिज्यीकरण का विवरण प्रस्तुत कीजिए एवं इसके प्रभावों का विश्लेषण कीजिए ।
Account for the commercialisation of Indian agriculture during the second half of the 19th century and analyse its effects. 10

1.(b) क्या आप सहमत हैं कि ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय रेलवे के विकास ने औद्योगीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने में सहायता की थी ? कारण बताइए ।
Do you agree that the development of Indian railways during the British Rule helped facilitate the process of industrialisation ? Give reasons. 10

1.(c) भारत के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना की रचना के समय, महालानोबिस के माडल के विपरीत, भारत की आयोजना को सी. एन. वकील के मुख्य योगदानों पर प्रकाश डालिए ।
Highlight the main contributions of C. N. Vakil to Indian planning as opposed to that of the Mahalanobis Model at the time of the formulation of the Second Five Year Plan for India. 10

1.(d) उदारीकरण के बाद की अवधि के दौरान कृषि-कीमतों का संचलन किसानों की व्यथा के लिए किस प्रकार उत्तरदायी रहा है ?
How has the movement of agricultural prices during the post-liberalisation period been responsible for farmers' distress in India ? 10

1.(e) एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम.आर.टी.पी.) अधिनियम के सापेक्ष प्रतियोगिता (कंपीटीशन) अधिनियम 2002 का मूल्यांकन कीजिए ।
Evaluate the Competition Act, 2002, relative to the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act. 10

2.(a) ब्रिटिश काल के दौरान भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । इस अवधि के दौरान उद्योग के विकास के विभिन्न चरणों में आने वाली प्रमुख समस्याओं पर चर्चा कीजिए ।
Trace the development of the cotton textile industry in India during the British period. Discuss the major problems faced by the industry in different stages of its growth during this period. 20

2.(b) 19वीं शताब्दी के दौरान भारत में विऔद्योगीकरण के अन्तर्निहित कारणों एवं प्रभावों को स्पष्ट कीजिए ।
Explain the underlying causes and effects of deindustrialisation in India during the 19th century. 15

2.(c) भारत में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आर्थिक निष्कासन (इकनौमिक ड्रेन) की थियोरी का परीक्षण कीजिए और इसके आर्थिक प्रभावों पर चर्चा कीजिए ।
Examine the theory of "Economic Drain" in the second half of the 19th century in India and discuss its economic effects. 15

3.(a) "भारत में स्वतन्त्रता के बाद, पहले तीन दशकों के दौरान, काश्तकारी और राजस्व सुधारों के कार्यान्वयन में प्रगति सन्तोषजनक नहीं थी ।" क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? क्या आपको लगता है कि हरित् क्रान्ति के आगमन ने ऐसी भूमि सुधार नीति को निरर्थक बना दिया है ?
"The progress in the implementation of tenancy and revenue reforms during the first three decades after independence in India was not satisfactory." Do you agree with this view ? Do you think that the advent of the Green Revolution made such land reforms policy redundant ? 20

3.(b) भारत में हरित् क्रान्ति से सम्बन्धित प्रौद्योगिकीय कारकों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the technological factors relating to the Green Revolution in India. 15

3.(c) क्या आपके विचार में भारत में कृषि में सार्वजनिक निवेश में गिरावट, इस क्षेत्रक की उत्पादकता संवृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है ? कारण बताइए ।

Do you think that the fall in public investment in agriculture adversely affects the productivity growth of this sector in India ? Give reasons. 15

4.(a) भारत में 1960 के दशक के मध्य से 1970 के दशक के मध्य तक की अवधि में, औद्योगिक संवृद्धि में मंदन के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए । क्या आपके विचार में 1990 के दशक के बाद से औद्योगिक विकास में मंदन के कारण मूल रूप से पहले आई मंदन से भिन्न है ? उचित तर्कों के साथ उत्तर दीजिए ।

Explain the principal causes of deceleration in industrial growth during the mid 1960's to mid 1970's in India. Do you think that the reasons for the slowdown in industrial growth since the late 1990s are basically different from those of the earlier deceleration ? Answer with proper arguments. 20

4.(b) भारत के भुगतान-सन्तुलन के चालू खाते में, घाटे को नियन्त्रित करने में, पूँजी खाता परिवर्तनीयता की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

Examine the role of capital account convertibility in controlling deficit in the current account of India's Balance of Payments (BOPs). 15

4.(c) क्या आप भारत में चरम निर्धनता को कम करने के लिए, सार्विक बुनियादी आय (यू.बी.आई.) के कार्यक्रम की वकालत करेंगे ? विस्तार से चर्चा कीजिए ।

Would you advocate a programme of Universal Basic Income (UBI) to reduce extreme poverty in India ? Discuss in detail. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each :

5.(a) भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, आप किन-किन सुधारों की वकालत करेंगे ?

What reforms would you advocate to make the public distribution system (PDS) in India more effective ? 10

5.(b) क्या भारत निर्यात उन्मुख उत्पादन के लिए, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सम्भावनाओं का उपयोग करने में सक्षम रहा है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण प्रस्तुत कीजिए ।

Has India been able to exploit the potential of foreign direct investment (FDI) for export oriented production ? Give reasons for your answer. 10

5.(c) भारत में सुधार पूर्व अवधि के दौरान, कारक लागत पर जी.डी.पी. की प्रवृत्तियों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the trends in GDP at factor cost during the pre-reform period in India. 10

5.(d) भारत में गरीबी को मापने में रंगराजन समिति द्वारा अनुसरण की गई कार्यप्रणाली किन-किन बातों में तेंदूलकर समिति से भिन्न है ?

How is the methodology followed by the Rangarajan Committee different from that of the Tendulkar Committee in measuring poverty in India ? 10

5.(e) सरकारी बजट में उपयोग किए जा रहे योजना और गैर-योजना व्यय के बीच अन्तर बताइए । क्या यह विभेदीकरण आज के भारत में सरकारी वित्त के लिए प्रासंगिक है ?

Differentiate between plan and non-plan expenditure as used in the government budget. Is this distinction relevant for government finances in India today ? 10

6.(a) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) एवं विश्व बैंक के संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, भारत सरकार द्वारा अपनाई गई विनिवेश नीति पर चर्चा कीजिए । भारत में औद्योगिक विकास पर ऐसी नीति के प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Discuss the disinvestment policy adopted by the Government of India as a part of structural adjustment programme of the IMF and the World Bank. Examine the impact of such a policy on industrial growth in India. 20

6.(b) भारत में औषधीय क्षेत्रक के लिए विशेष सन्दर्भ के साथ, ट्रिप्स करार के निहितार्थों का वर्णन कीजिए ।

Narrate the implications of the TRIPS Agreement with special reference to the pharmaceutical sector in India. 15

6.(c) भारत में कृषि संबंधी निर्यातों पर, विश्व व्यापार संगठन की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the role of WTO on agricultural exports in India. 15

7.(a) भारत में मौद्रिक संचारण किस कारण प्रभावी नहीं है ? रिज़र्व बैंक आफ इंडिया (आर.बी.आई.) द्वारा हाल ही में की गई घोषणा के सन्दर्भ में, बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से, मौद्रिक संचारण में सुधार के लिए, बैंक ऋणों में आन्तरिक निर्देश-चिह्नों के साथ बाह्य निर्देश-चिह्नों की प्रभावकारिता की तुलना कीजिए ।

Why is monetary transmission not effective in India ? In the context of the recent announcement by the RBI, compare the efficacy of external benchmarks in bank loans with internal benchmarks for improving monetary transmissions through the banking channel. 20

7.(b) राजकोषीय संघवाद क्या है ? क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर राजकोषीय असन्तुलनों को कम करने में, 2001 से विभिन्न वित्त आयोगों की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

What is fiscal federalism ? Examine the role of the various Finance Commissions since 2001 in reducing horizontal and vertical fiscal imbalances. 15

7.(c) क्या आपके विचार में भारत के बाजार-आधारित विकास के सन्दर्भ में, आयोजना की भूमिका है ? तर्कों के साथ उत्तर दीजिए ।

Do you think that planning has a role in the context of market based development of India ? Answer with arguments. 15

8.(a) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (मनरेगा) के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? मनरेगा के कार्यान्वयन के साथ, किन तरीकों से आमूल परिवर्तन हुआ है ?

What are the core objectives of the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) ? In what ways has a paradigm shift taken place with the implementation of MGNREGA ? 20

8.(b) नई आर्थिक नीति के अधीन औद्योगीकरण की रणनीति भारत में विनिर्माण उद्योगों में उत्पादकता वृद्धिको किस प्रकार बढ़ावा देती है ? स्पष्ट कीजिए ।

How does the strategy of industrialisation under the New Economic Policy promote productivity growth in manufacturing industries in India ? Explain. 15

8.(c) भारत में रोजगार के अनियतीकरण (कैजुअलाइजेशन) और गरीबी के बीच सम्बन्ध का परीक्षण कीजिए ।

Examine the relation between casualisation of employment and poverty in India. 15